संख्या- 1/1392/74-2013-जी(3)/2013

प्रेषक,

अजय कुमार उपाध्याय,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
रेशम विकास विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ ।

रेशम विकास अनुभाग लखनऊ दिनांक नवम्बर, 2013

विषय- माह दिसम्बर,2013 में सिल्क एक्सपो रेशम उत्पादकता पुरस्कार का आयोजन करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-612 रेशम /सिल्क एक्सपो/2013-14, दिनांक 30-10-2013 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कानपुर में होने वाले समारोह सिल्क एक्सपो तथा डा0 राम मनोहर लोहिया रेशम उत्पादकता पुरस्कार वितरण समारोह हेतु रेशम उत्पादकता पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 18-12-2013 तथा सिल्क एक्सपो दिनांक 18-12-2013 से दिनांक 22-12-2013 तक होने वाले दोनों समारोह हेतु प्रस्तावित तिथियों पर सहमति प्रदान करते हुये इन पर होने वाले व्यय डा0 राम मनोहर लोहिया रेशम उत्पादकता पुरस्कार सहित समारोह पर होने वाले व्यय रू0 12.50 लाख (रूपये बारह लाख पचास हजार मात्र) एवं सिल्क एक्सपो आयोजन हेतु होने वाला व्यय रू0 15.00 लाख (रूपये पन्द्रह लाख मात्र) कुल रू0 27.50 लाख (रूपये सत्ताईस लाख पच्चास हजार मात्र) की अनुमति निम्न शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान की जाती है:-

"अनुमोदित धनराशि के नियमानुसार व्यय का पूर्ण दायित्व निदेशक, रेशम का होगा साथ ही निदेशक, रेशम भली-भॉति यह सुनिश्चित करेंगे कि डा0 राम मनोहर लोहिया रेशम उत्पादकता पुरस्कार वितरण एवं सिल्क एक्सपो में किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो। जो धनराशि उन्हें व्यय करने हेतु प्रदान की जा रही है, उसका शत् प्रतिशत् सदुपयोग किया जाय। किसी भी प्रकार की अनियमितता का पूर्ण उत्तर दायित्व निदेशक, रेशम का होगा।

भवदीय,

(अजय कुमार उपाध्याय)
विशेष सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in